## एक नजर में

### सेडमैप द्वारा रैंप कार्यशाला आयोजित



**आलीराजपुर** । उद्यमिता विकास केंद्र (सेडमैप) मध्यप्रदेश जिला आलीराजपुर द्वारा स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में 'प्रदर्शन में सुधार एवं तेजी' एमएसएमई के तहत गत दिवस एकदिवसीय रैंप (रैम्प) कार्यशाला आयोजित की गई इसमें जिले के समस्त विकासखंडों से उद्यमियों ने सहभागीता कर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में रैंप कंसलटेंट इंदौर संभाग श्री शुभम सरवर ने विस्तारपूर्वक रैंप की रूपरेखा एवं इसके द्वारा उद्यमियों को दिए जाने वाले सहायता एवं लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की. भोपाल से आए तकनीकी विशेषज्ञ श्री राजीव दलेला ने कार्यक्रम को संबोधित कर प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न सर्टिफिकेट सहित लीन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। डिजिटल मार्केटिंग फैकल्टी भोपाल श्री आनंद रायकवार ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्केटिंग के संबंध में विविध प्रशिक्षण प्रदान किया इस कार्यक्रम में झाबुआ से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कर सलाहकार श्री संजय व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर अपने व्यापार में टैक्स के बारे में विविध महत्वपूर्ण ध्यान दिए जाने योग्य सलाह दी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रके महाप्रबंधक श्री एस एल सोलंकी ने उद्योग विभाग की योजनाओं व जमीन आबंटन के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रबंधक रोहित भिंडे ने स्लाइड पावर प्रजेंटेशन के द्वारा समझाइश दी। अग्रणी जिला प्रबंधक श्याम पाटीदार ने संबोधित कर उद्यमियों को बैंक लोन मिलने के बारे में बताया. श्री दिनेश श्रीवास ने आदिवासी वित्त विकास निगम की योजनाओं के बारे में बताया। प्रारंभ में स्वागत भाषण करते हुए सेडमेप के जिला समन्वयक श्री कैलाश कर्मा ने रैंप कार्यशाला के आयोजन और उपयोगिता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने मास्टर ट्रेनर्स से अनेक प्रश्न भी किए जिनका समाधान उनके द्वारा किया गया। उद्यमी पंकज भयडिया एवं योगेश वाणी नानपुर ने अपनी सफलता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी श्री सुधीर जैन ने किया एवं आभार श्री कर्मा ने माना। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक श्री राकेश यादव, उद्यमी श्री यशवंत जैन चंद्रशेखर आजाद नगर, उद्यमी कृष्ण कांत मुन्ना भाई बेड़िया, रेमसिंह डूडवा, ग्रामीण कृषि महाविद्यालय इंदौर के इंटर्नशिप छात्रों सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिला प्रतिभागी उपस्थित थे।

### वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव का आयोजन



**झाबुआ।** भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में आजीविका भवन में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सी एस सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय में हुआ आयोजन




**आलीराजपुर।** वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जिला मुख्यालय आलीराजपुर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् गीत की सुमधुर प्रस्तुति से हुई इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरे?द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर उन्होंने स्मारक सिक्का एवं डाक टिकट का विमोचन और अनावरण किया। यह आयोजन एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रीय उत्सव की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है, जो 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, मुख?य कार्यपालन अधिकारी प्रखर सिंह, रिकेंश तंवर उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली बैठक

**आलीराजपुर।** आगामी 15 नवंबर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रखर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के आगमन के दौरान यातायात बाधित न हो इसका ध्यान रखा जाए, साथ ही कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पानी, बेरिकेड्स, प्रकाश व्यवस्था आदि के तैयारी कार्यक्रम के पूर्व सुनिश्चित करें। कलेक्टर माथुर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सौंपे गए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह का सफल क्रियान्वयन किया जा सके।



# जिला थोक उपभोक्ता भंडार में गैस टंकियों की किल्लत, लग रही लंबी कतारें

▸ टंकियों की खपत और मांग बढ़ने के साथ आपूर्ति कम मात्रा में होने से आ रहीं समस्या

**झाबुआ। जिला थोक उपभोक्ता भंडार में पिछले एक महीने से उपभोक्ताओं को गैस टंकियां प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसका कारण शीत ऋतु में गैस टंकियों की खपत और मांग बढ़ गई है वहीं थोक उपभोक्ता भंडार को टंकियों की आपूर्ति कम मात्रा में होने से उक्त समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं है। दीपावली पर्व निकल जाने के बाद भी अभी भी उपभोक्ता भंडार में गैस टंकियां प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता चक्कर काट रहे है और लंबी कतारों में लग रहे है।**



जिला थोक उपभोक्ता भंडार की घर पहुंच सेवा सुविधा फिलहाल बंद होने के साथ वार्ड एवं एरिया अनुसार टंकीयों का सप्लाय कार्य भी नहीं हो रहा है। ग्राहक द्वारा टंकियों की मोबाईल से ऑनलाईन बुकींग करने एवं भंडार कार्यालय पर आकर भी गैस टंकी बुक करवाने पर टंकियों के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है। पूर्व में की गई वेटिंग के आधार पर भंडार कार्यालय के बिलिंग काउंटर से बिल बनाकर उपभोक्ताओं को स्वयं गोडाउन से टंकी लाने हेतु कहा जा रहा है। हॉकरों को टंकी सप्लाय हेतु बिल प्रदाय नहीं किए जा रहे है। जिसका कारण टंकियों का पर्याप्त लोड नहीं आ पाता है।

**28000 उपभोक्ता जुड़े हुए है**

जिला थोक उपभोक्ता भंडार प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार भंडार कार्यालय से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के करीब 28000 उपभोक्ता पंजीबद्ध है। प्रतिदिन 450-500 टंकियों की ऑनलाईन बुकींग के साथ भंडार कार्यालय पर हो रहीं है। करीब 1000-1200 गैस टंकियां का सप्लाय पेडिंग में चल रहा है। वहीं टंकियों की खपत और मांग अनुसार भंडार को 3-4 दिनों में मिनी लोडिंग रिक्शा के माध्यम से करीब 350 के आसपास टंकीयां प्राप्त हो रहीं है। पहले ट्रक में करीब 450 टंकियों का लोड 2-3 दिन में प्राप्त होता था। पहले उपभोक्ता भंडार द्वारा हजीरापुर (गुजरात) से एलपीजी गैस टंकियों का लोड मंगवाया जाता था, वहीं अब इंदौर से टंकीयां मंगवाकर आपूर्ति की जा रहीं है, यहां से पर्याप्त मात्रा में एवं प्रतिदिन के अनुसार लोड नहीं मिलने से टंकियों की नियमित और समय पर सप्लाय में परेशानी आ रहीं है।

**इंदौर से लोड कम आने से समस्या**

इस कारण उपभोक्ता भंडार पर उपभोक्ताओं की महिला-पुरूष की लंबी कतार लगने के साथ उपभोक्ता कार्यालय के चक्कर काटते और परेशान होते देखे जा रहे है। इस संबंध में जिला थोक उपभोक्ता भंडार के प्रबंधक एलएस राठौर ने बताया कि हमारा पूरा प्रयास है कि टंकीयों का उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर सप्लाय हो। इंदौर से ही लोड कम आने से समस्या बनी हुई है, इस समस्या को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय सिरवी समाज उज्जैन ट्रस्ट का 47 वां अर्धवार्षिक सम्मेलन संपन्न

**पेटलावद** ।अखिल भारतीय क्षत्रिय सिरवी समाज उज्जैन ट्रस्ट का 47 वा अर्धवार्षिक सम्मेलन एवं मिलन समारोह कार्तिक पूर्णिमा पर योगमाया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान एवं मध्य प्रदेश सहित संपूर्ण भारत से पधारे सीरवी समाज के विशेष भामाशाह की अध्यक्षता में योगमाया मंदिर उज्जैन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश सतपुड़ा के द्वारा किया गया। एवं स्वागत भाषण हरिराम सिंधडा राजगढ़ के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि देशभर से विभिन्न राज्यों में स्थित श्री आई माताजी के शहस्त्र धामो में से एक मुख्य धाम श्री योग माया नवदुर्गा मंदिर उज्जैन सिरवी समाज का गौरव है यह उज्जैन ट्रस्ट के द्वारा वर्ष भर




विभिन्न अवसरों पर समाज जनों के लिए विशेष सेवाएं प्रदान की जाती है वहीं बड़े ही गर्व एवं हर्ष की बात है कि समाज जनों के अमूल्य सहयोग से यह प्रमुख धाम उज्जैन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर की ओर बढ़ रहा है इसे हेतू समाज के सभी बंधु बधाई के पात्र हैं वर्तमान में योगमाया मंदिर धर्मशाला में कमरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिसमें जिन जिन भामाशाहों ने रूम को जिणोद्धार के लिए दान राशि दी उन्हें उज्जैन ट्रस्ट के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

*मंदिर की धर्मशाला में लिफ्ट लगाना : योग माया मंदिर उज्जैन की धर्मशाला में दो लिफ्ट लगाईं जाना है उसमें एक लिफ्ट का कार्य प्रगति पर है उसके लाभार्थी उज्जैन ट्रस्ट के सचिव महोदय भामाशाह हीरालाल जी पटेल के करकमलों से लगाई जाएगी वहीं दूसरी लिफ्ट के लाभार्थी उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष भामाशाह भगवान सिंह चौहान के करकमलों से लगाई जाएगी।

धर्मशाला की बाहर बनी दुकान की हुई नीलामी : जोगमाया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट की धर्मशाला के बाहर बनी दुकान की नीलामी भी लगाई गई दो लाख बावन हजार की राशी जिसमें सबसे अधिक नीलामी के भामाशाह मुकेश नारायण पडियार पेटलावद के लाभार्थी बने। मंदिर धर्मशाला का खर्च का ब्यौरा : योग माया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिनेश जी चौधरी के द्वारा ट्रस्ट का आय-व्यय का लेखा जोखा का ब्योरा समाज बंधुओ के सामने रखा गया। अंत में जोगमाया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट में आगामी एवं संभावित योजनाओं के कार्यक्रम हेतु विचार विमर्श सिरवी समाज बंधुओ के द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने परिवार संस्था द्वारा चलित चिकित्सा वेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आलीराजपुर** । कलेक्टर माथुर ने परिवार श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा कुटीर संस्था द्वारा चलित चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया । इस दौरान संस्था प्रभारी श्री अजय देवडा द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व से ही जिले में 04 मोबाईल चिकित्सा वैन चलाई जा रही है । यह नवीन वेन जोबट विकासखंड के दूरदराज के गांवों में अपनी सेवा देगी । संस्था का उद्देश्य जिले के दूरदराज क्षेत्रों में ग्रामीणों को निशुल्क चिकित्सा सेवा देना है । इन वने के माध?यम से प्राथमिक उपचार के साथ साथ निशुल्क दवा वितरण भी किया जाता है जिससे ग्रामीणों को घर पहुँच सेवा उपलब्ध हो रही है ।

## सही जानकारी देकर मतदान करने का अधिकार प्राप्त करें : कलेक्टर

**आलीराजपुर** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने बताया कि म.प्र निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य जारी है। जिले में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर पहुंचकर गणना पत्रक प्रदान करने, भरवाने एवं वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इस कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी निधी मिश्रा द्वारा खेरीयामाली, कोरीयापन एवं नायब तहसीलदार सोड़वा द्वारा दारजा गणना फॉर्म वितरण का निरीक्षण किया गया और वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त पटवारी, कोटवार, आंगनवाडी कार्यकर्ता सचिव को मतदाताओं को आने वाली कठिनाईयों में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए एवं सहायकों को बीएलओ का इस कार्य को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए

जिला निर्वाचन अधिकारी माथुर ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि, एसआईआर कार्य में आने वाली समस्याओं का तुरंत और शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जब भी बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें सही जानकारी देकर मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

# झाबुआ में पशुओं में दिख रहा लंपी वायरस का प्रकोप

▸ प्रशासन एवं पशु चिकित्सालय के रोकथाम और उपचार कार्य नाकाफी

**झाबुआ। जिलेभर में एक बार फिर पशुओं में लंपि वायरस का प्रकोप देखने को मिल रहा है। जिसमें पशुओं के शरीर पर गठान बनने, चकते उभरने के साथ घांव जैसे निशान नजर आ रहे है। लंपि वायरस जानलेवा एवं खतरनाक बिमारी होने के बावजूद ना तो जिला प्रशासन और ना ही पशु चिकित्सालय इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। प्रशासन एवं पशु चिकित्सालय के ऐसे पशुओं के समुचित उपचार, रोकथाम आदि हेतु प्रयास धरातल स्थल पर नाकाफी ही दिखाई पड़े रहे है।**





शहर में विचरण करने वाले पशुओं में इन दिनों लंपि वायरस का प्रकोप अधिक दिखाई दे रहे है। पशुओं में लंपि वायरस का प्रकोप ने पिछले कुछ महीनों पूर्व भी जोर पकड़ा था। यह बिमारी संक्रमित होने से एक पशु से दूसरे पशु में तेजी से फैलती है। साथ ही समय पर ऐसे पशुओं का उपचार नहीं होने पर जानलेवा भी साबित होती है। वहीं दूसरी ओर शहर में विचरण करने वाले पशु कूड़े-कचरे के ढ़ेर में प्लास्टिक पॉलिथीन खाने एवं दूषित भोजन खाने से भी बिमार हो रहे है। लंपि वायरस से रोकथाम एवं ऐसे संक्रमित पशुओं के समुचित उपचार की पशु चिकित्सालय को आवश्यकता है, अन्यथा यह बिमारी संपूर्ण जिले में पशुओं में तेजी से बढ़ने से पशुओं के कमजोर होने के साथ उनकी जान जाने की भी संभावना रहती है।

**टीके लगाने के साथ सूचना मिलने पर उपचार किया जा रहा**

इस संबंध में पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. रमेश भूरिया ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पूर्व संपूर्ण शहर में एक सप्ताह तक अभियान चलाकर सभी पशुओं को लंपि वायरस से रोकथाम के टीके लगाए गए है। घायल पशुओं या लंपि वायरस से ग्रसित पशुओं की सूचना मिलने पर संबंधित स्थान पर पहुंचकर उनका उपचार करने के साथ टीके लगाने का कार्य भी प्राथमिकता से हो रहा है। फिर भी यदि कुछ पशु टीकाकरण और उपचार से छूट गए है, तो उन्हें लंपि वायरस से बचाव के टीके लगाए जाएंगे और समुचित उपचार किया जाएगा। डॉ. रमेश भूरिया ने बताया कि लंपि वायरस पशुओं में फैलने वाला एक स्कीन रोग है। जिसमें पशु के शरीर पर गठान बनने, चकते उभरने के साथ पैरों में सूजन, घांव आदि हो जाते है। समय पर समुचित उपचार से ऐसे पशु ठीक हो सकते है।

**एक नजर** ▸ स्व. राजेश नागर ने वर्षों तक झाबुआ में अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम कर इतिहास रचा - : डॉ. नीरजसिंह राठौर

# आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रहकर स्व. राजेश नागर ने वर्षों तक अपनी निर्बाध सेवाएं दी : डॉ. भंडारी

▸ आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट ने संस्थापक स्व. राजेश नागर की प्रथम पुण्यतिथि पर दिव्यांग पुर्नवास केंद्र पर किया कार्यक्रम

**झाबुआ। आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के संस्थापक स्व. राजेश नागर की प्रथम पुण्यतिथि पर जिला दिव्यांग एवं पुर्नवास केंद्र रंगपुरा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं दिव्यांग बच्चों को नि:शुल्क मिठाई, नमकीन एवं चॉकलेट वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने नम आंखों ने स्व. राजेश नागर को पुष्पांजलि देने के साथ दो मिनिट का सामूहिक मौन भी रखा।**




आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री विघ्नहरा चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. यशवंत भंडारी, सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर, स्वर्णकार समाज महिला मंडल की वरिष्ठ कुंता सोनी, ब्राम्हण समाज की वरिष्ठ मातृ शक्ति सुशीला भट्ट, आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट की आजीवन अध्यक्ष वंदना व्यास, सकल व्यापारी संघ महिला इकाई की पदाधिकारी भारती राठौर, नागर समाज से वरिष्ठ लीना नागर, युवा शार्दुल भंडारी, पाविनी व्यास आदि ने सर्वप्रथम स्व. राजेश नागर की तस्वीर पर मोतीयों की माला पहनाकर एवं दीप प्रज्जवलन कर उन्हें प्रथम पुण्यतिथि पर याद करते हुए नमन किया। बाद उपस्थित दिव्यांग बच्चों ने भी बारी-बारी से स्व. राजेश नागर की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर भावभरे श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने सामूहिक रूप से दो मिनिट मौन रहकर स्व. राजेश नागर की आत्मशांति श्रेयार्थ प्रार्थना की।

स्व. राजेश नागर का सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्री विघ्नहरा चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. यशवंत भंडारी ने बताया कि स्व. राजेश नागर ने आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट के संस्थापक रहते हुए वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान की। जिसमें जिला चिकित्सालय के पीछे वर्षों तक शहर के जरूरतमंदों एवं चिकित्सालय मरीजों तथा उनके परिजनों के लिए भोजनशाला संचालित करने के साथ समय-समय पर शहर में अनेक बड़े सामाजिक, धार्मिक और रचनात्मक कार्यक्रम कर एक नया किर्तीमान रचा। सामाजिक-धार्मिक क्षेत्र में उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने बताया कि स्व. राजेश नागर अत्यंत ही हसमुख, मिलनसार प्रवृत्ति के होकर आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट के माध्यम से सामाजिक-धार्मिक कार्यों में विशेष रूचि थी। नागर ब्राम्हण समाज में भी उनकी दी गई सेवाएं अविस्मरणीय है। डॉ. राठौर ने कहा कि स्व. नागर की प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें भावभरी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

**दिव्यांगजनों को मिठाई, नमकीन एवं चॉकलेट का वितरण हुआ**

कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज से वरिष्ठ कुंता सोनी एवं ब्राम्हण समाज से वरिष्ठ सुशीला भट्ट ने भी स्व. राजेश नागर को समाज की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संवेदना व्यक्त की गई। बाद आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निवासरत करीब 50 बच्चों को नि:शुल्क मिठाई, नमकीन एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के समस्त स्टॉफ ने भी प्रदान किया। अंत में सभी के प्रति आभार आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट की आजीवन अध्यक्ष वंदना व्यास एवं वरिष्ठ लीना नागर ने माना।